Kargil Vijay Diwas 2024 celebration on 26-07-2024 at Govt. Degree College Indora, Dist. Kangra, H.P.

आज दिनांक 26-07-2024 राजकीय स्नातक महाविद्यालय इंदौरा जिला कांगड़ा में कारगिल विजय दिवस 2024 प्राचार्य डॉ सुमिक्षा के कुशल मार्गदर्शन में कॉलेज की एनसीसी और एनएसएस इकाई द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। **कॉलेज की कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थी उपस्थित थे**। एनसीसी इकाई के छात्रों ने कारगिल युद्ध 1999 के इतिहास पर सेना के बहादुरों की वीरता का वर्णन करते हुए भाषण दिया और देश के लिए उनके बलिदानों को याद किया। **एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक नाटिका प्रस्तुत की गई** जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया और हर दिल में जोश भर दिया।

इवेंट रिसोर्स पर्सन हवलदार राजिंदर पाल, जिन्होंने 1999 में युद्ध देखा था, ने अपने अनुभवों का वर्णन किया और छात्रों को राष्ट्र के लिए काम करने और समग्र विकास के लिए भारतीय रक्षा सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। **9 एचपी बटालियन डलहौजी कैंट से नायक जगरूप सिंह** ने भी अपना विचार साझा किया. कैडेट्स ने देशभक्ति गीत गाकर सभी को खुश कर दिया।

उसके बाद कॉलेज के प्राचार्य ने शहीदों को याद किया और छात्रों को कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। अंत में NCC ऑफिसर डॉ. रोहित गांधी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंच का संचालन एलसीपीएल शिवम एवं एलसीपीएल पलक ने किया।इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक योगेश पाल, कुलवंत परमार, अंजना व समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा. एनसीसी गीत सुनाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

Kangra Kesari

Jul 27, 2024

पंजाब केसरी

इंदौरा कालेज में मनाया कारगिल विजय दिवस

इंदौरा, 26 जुलाई (अजीज): राजकीय स्नातक महाविद्यालय इंदौरा में कारगिल विजय दिवस प्राचार्य डा. सुमिक्षा के कुशल मार्गदर्शन में कालेज की एन.सी.सी. और एन.एस.एस. इकाई द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इवैंट रिसोर्सपर्सन हवलदार राजिंदर पाल, जिन्होंने 1999 में युद्ध देखा था, ने अपने अनुभवों को सांझा किया और छात्रों को राष्ट्र के लिए काम करने और समग्र विकास के लिए भारतीय रक्षा सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

बहादुरों की वीरता का किया वर्णन

डमटाल (कांगड़ा)। राजकीय स्नातक महाविद्यालय इंदौरा में कारगिल विजय दिवस पर प्राचार्य डॉ. सुमिक्षा के मार्गदर्शन में कॉलेज की एनसीसी और एनएसएस इकाई ने पूरे उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थी उपस्थित रहे। एनसीसी इकाई के छात्रों ने कारगिल युद्ध 1999 के इतिहास पर सेना के बहादुरों की वीरता का वर्णन करते हुए भाषण दिया। संवाद

Amar Ujala 27-07-2024

Kargil Vijay Diwas 2024